एनडीआईएस वर्कफोर्स कैपेबिल्टी फ्रेमवर्क:
करियर विकल्प गाइड

NDIS Workforce Capability Framework: Career Options Guide

Hindi | हिन्दी

एनडीआईएस वर्कफोर्स कैपेबिलिटी फ्रेमवर्क (फ्रेमवर्क) एनडीआईएस के तहत वित्त पोषित सभी श्रमिकों से अपेक्षित दृष्टिकोण, कौशल और ज्ञान का वर्णन करता है। यह स्पष्ट, व्यावहारिक उदाहरण प्रदान करता है और एनडीआईएस सेवाओं और समर्थन प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों के लिए 'अच्छी स्थितियाँ कैसी दिखाई देती हैं' की एक साझा भाषा स्थापित करता है। यह गाइड (संदर्शिका) वर्कफोर्स कैपिबिल्टी फ्रेमवर्क का समर्थन करती है।

करियर विकल्प गाइड श्रमिकों को विकलांगता और संबंधित क्षेत्रों में काम और करियर के अवसरों का पता लगाने में मदद कर सकती है। यह इस क्षेत्र में रुचि रखने वाले लोगों को यह समझने में मदद कर सकती है कि वे विकलांगता समर्थन में करियर के लिए कौशल, क्षमताओं और रूचियों का उपयोग और विकास कैसे कर सकते हैं।

अपने समर्थन करियर का विस्तार या विकास करने के कई तरीके हैं। यह समझना कि विकल्प क्या हैं और आपसे क्या उम्मीद की जाएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए अहम है।

क्या उम्मीद करें

गाइड काम के अवसरों के लिए चार अलग-अलग मार्गपथों की खोजबीन करती है:

- समर्थन कार्य के प्रकारों में अधिक विविधता का **पता** लगाना
- विशेषज्ञ होने के लिए एक विशिष्ट प्रकार के समर्थन पर **ध्यान केंद्रित** करना
- समावेश और पहुंच का **समर्थन** करना
- पर्यवेक्षण या अन्य फ्रंटलाइन भूमिकाओं में **जाना**।

गाइड आपको यह तय करने में मदद करने के लिए सुझाव, और विचार करने के लिए चीजें प्रदान करती है कि क्या यह वह दिशा है जहाँ आप जाना चाहते/ती हैं। भूमिकाओं का वर्णन किया गया है, और अगला कदम उठाने के लिए संसाधन और सुझाव प्रदान किए गए हैं। गाइड सामान्य सलाह प्रदान करती है और आपको अपने अगले करियर के चयन पर निर्णय लेने से पहले अपनी व्यक्तिगत परिस्थितियों और कारकों पर विचार करना चाहिए।

आप किसी भी समय वापस आ सकते/ती हैं और अन्य विकल्पों का चयन कर सकते/ती हैं। आप ऑफ़लाइन उपयोग करने के लिए गाइड की एक प्रति डाउनलोड और प्रिंट भी कर सकते/ती हैं।

व्यवहार में गाइड:

बिल एक सहायक कार्यकर्ता है जो विभिन्न प्रकार की सामान्य समर्थन भूमिकाएं कर रहा है। वह विकलांग लोगों के साथ काम करना पसंद करता है। वह इस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहता है और किसी विशेष प्रकार के समर्थन के साथ काम करने में विशेषज्ञता या फ्रंटलाइन प्रबंधन भूमिका में जाने जैसे विकल्पों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करना चाहता है। वह अनिश्चित है कि उसकी क्षमताएँ विकल्पों और अपने करियर को आगे बढ़ाने के लिए उठाए जाने वाले कदमों के साथ कैसे मेल खाती है।

बिल यह समझने के लिए **करियर विकल्प गाइड** का उपयोग करता है कि विभिन्न करियर विकल्पों को आगे बढ़ाने के लिए किन क्षमताओं की आवश्यकता होगी और इसके लिए आगे क्या करना है, इससे जुड़े कुछ सुझाव लेने के लिए भी वह इसका उपयोग करता है। वह मनोसामाजिक विकलांगता वाले लोगों के साथ काम करने में अपनी रुचि को आगे बढ़ाने का फैसला करता है, और अपने अगले चरणों की योजना बनाने के लिए गाइड में जानकारी का उपयोग करता है।

बिल मनोसामाजिक विकलांगता वाले लोगों का समर्थन करने के लिए अपेक्षित अतिरिक्त क्षमताओं को समझने में मदद करने के लिए **वर्कफोर्स कैपेबिल्टी फ्रेमवर्क** का भी उपयोग करता है।

गाइड तक पहुँचना और उसका उपयोग करना

करियर विकल्प गाइड का सबसे अच्छा उपयोग ऑनलाइन इसका उपयोग करना है, हालांकि, आप एक ऐसा संस्करण डाउनलोड कर सकते/ती हैं जिसका उपयोग ऑफ़लाइन किया जा सकता है जो समान जानकारी प्रदान करता है।

गाइड तक पहुंचें: करियर विकल्प गाइड | एनडीआईएस वर्कफोर्स कैपेबिल्टी (ndiscommission.gov.au)

फ्रेमवर्क या इसके कार्यान्वयन के बारे में और अधिक जानकारी के लिए, इस वेबसाइट पर जाएँ: https://workforcecapability.ndiscommission.gov.au/ I

संपर्क: workforcecapability@ndiscommission.gov.au या 1800 035 554.